दिनांक 17 दिसंबर 2020

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

महापौर परिषद से दो बड़े कार्यों को मिली स्वीकृति , खुर्सीपार क्षेत्र के दो बड़े नालों का होगा उद्धार , बारिश के पानी भरने की वर्षों पुरानी समस्या होगी दूर

भिलाई नगर / महापौर परिषद की बैठक महापौर श्री देवेंद्र यादव के निर्देश पर महापौर परिषद के सदस्य नीरज पाल की अध्यक्षता एवं उपायुक्त अशोक द्विवेदी की उपस्थिति में आज दिन गुरुवार को महापौर कक्ष में आयोजित हुई। खुर्सीपार क्षेत्र के सोनिया गांधी नगर से पंचशील होते हुए सुभाष नगर सीएसईबी नगर तक स्थित नाले का चैनेलाइजेशन कार्य तथा बापू नगर उड़िया बस्ती के पीछे हॉस्पिटल रोड होते हुए रामताई के स्कूल के सामने तक चैनेलाइजेशन कार्य के निविदा होने के उपरांत प्रस्तुत न्यूनतम दर पर कार्य कराने की स्वीकृति महापौर परिषद ने दी है! बारिश के दिनों में खुर्सीपार के इन बड़े क्षेत्रों में बरसात का पानी बस्तियों में भरने की शिकायतें प्राप्त होती रही है! जिसको देखते हुए महापौर ने दोनों बड़े नाला में चैनेलाइजेशन करने के कार्य को महत्व देते हुए इसकी स्वीकृति दिलाई है! अब दोनों नाला का उद्धार होगा, रिटेनिंग वॉल एवं पुल का निर्माण किया जाएगा जिससे बरसात का पानी घरों में नहीं घुसेगा! बल्कि इस नाला के पानी को सीधे तेलहा में मिलाया जाएगा! ताकि पूरे बरसात का पानी आसानी से इस नाला के माध्यम से निकासी हो जाए! निर्माण पश्चात बारिश का पानी घरों में न घुसकर आसानी से प्रवाहित होकर बाहर निकल जाएगा! इससे आसपास के रहवासी क्षेत्रों को बड़ी राहत मिलेगी! यह सब महापौर की वजह से संभव हो पाया है!

जनसम्पर्क अधिकारी